BCM School Basant Avenue Ludhiana
Class VII
Worksheet No 2(Hindi)

1)निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5)

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?
(i) दुर्गुणों को
(ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को
(iii) दुर्भावनाओं को
(iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?
(i) पेड़ों का सरताज
(ii) पेड़ों का दास
(iii) ईश्वर
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?
(i) बहार में
(ii) पतझड़ में
(iii) वर्षा में
(iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?
(i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं
(ii) फूल ले जाती थीं
(iii) डालों पर गाना गाती थीं
(iv) कुछ नहीं करती थीं

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है
(i) परिजात एक वृक्ष
(ii) परिजात पेड़ों का सरताज
(iii) परिजात जंगल का राजा
(iv) इनमें से कोई नहीं

2)निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
1. निम्न उपसर्गों से दो दो शब्द बनाइए।
    नि, अनु
2. \`उपस्थित´ शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।

3. निम्न प्रत्यय से दो दो शब्द बनाइए।
   ईला, ना
4. `थकावट´शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।
5. वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटकर भेद बताइए।
   स्त्रियाँ पानी भर रही है।
6. शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।
   क)माली
   ख)सखी
7. सर्वनाम शब्द से खाली स्थान भरो।
   क) ——-----मेरी कमीज है।
   ख)अपना कार्य——---- करो ।
8. लिंग संबंधित वाक्य में ध्यान रखकर शुद्ध वाक्य चुनिए।
क) आज मैं घूमने जाएगी।
ख)आज मैं घूमने जाऊंगी।
ग)घूमने जाऊंगी आज मैं
9. संस्कृत की लिपि है।
क)रोमन
ख)गुरुमुखी
ग)देवनागरी
10. चमक उचित प्रत्यय के सामने सही का निशान लगाइए।
क)काला
ख) ईला
ग) ला